पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/24-26 प्रकाशित 16.08.2024 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

## दानदाताओं से अपील

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली—110007, आई. एफ. एस.कोड - SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9810117464 पर एस.एम.एस कर दें या 9868051444 पर googlepay कर दें। —अनिल आर्य

वर्ष-41 अंक-06 भाद्रपद-2081 दयानन्दाब्द 201 16 अगस्त से 31 अगस्त 2024 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशित: 16.08.2024, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

दिल्ली चलो ओ३म् दिल्ली चलो



जहां नहीं होता कभी विश्राम, आर्य युवक परिषद है उसका नाम

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के 46वें स्थापना दिवस पर

# राष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी सम्मेलन

रविवार 1 सितम्बर 2024, प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक

स्थान : आर्य समाज मालवीय नगर, नई दिल्ली (निकट मैट्रो स्टेशन-हौजखास)

यज्ञ ब्रह्मा : आचार्य आरक्षित शास्त्री जी

ध्वजारोहण : श्री टी.आर. गुप्ता जी (टी.आर.जी. इन्डस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड)

अध्यक्षता: डॉ. अशोक कुमार चौहान जी (संस्थापक अध्यक्ष, एमिटी शिक्षण संस्थान)

मुख्य अतिथि : श्री मनोज तिवारी (सांसद), सुश्री बांसुरी स्वराज (सांसद)

विशिष्ट अतिथि : ठाकुर विक्रम सिंह जी, श्री आनन्द चौहान, प्रो. नरेन्द्र आहुजा विवेक (गुरूग्राम)

मुख्य वक्ता : प्रो. सारस्वत मोहन मनीषी (राष्ट्रीय कवि), आचार्य विमलेश बंसल (दर्शनाचार्या) आ. विद्याप्रसाद मिश्र, श्रीमती श्रुति सेतिया, आ. वीरेन्द्र विक्रम, आ. गवेन्द्र शास्त्री

### गरिमामयी उपस्थिति :-

सर्व श्री सुभाष बब्बर (जम्मू), कृष्ण प्रसाद कोटिल्य (झारखंड), अजेय सहगल (हिमाचल), रामकृष्ण शास्त्री (राजस्थान), आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार (मध्यप्रदेश), रामकुमारसिंह आर्य (दिल्ली), स्वतंत्र कुकरेजा (हरियाणा), सूर्यदेव आर्य, श्री कृष्ण दहिया (जीन्द), अनिल मित्रा, आनन्द प्रकाश आर्य, अनुपम आर्य (हापुड़), वीरेन्द्र योगाचार्य, अशोक शास्त्री (फरीदाबाद), ईश आर्य (हिसार), प्रदीप आर्य (अलवर), यशपाल आर्य (पूर्व पार्षद), डॉ. नन्दिनी शर्मा (पूर्व पार्षद), जितेन्द्र चावला, हरिचंद स्नेही (सोनीपत), कृष्ण कुमार यादव, देवेन्द्र आर्य बन्धु, सुरेश आर्य (गाजियाबाद) कै. अशोक गुलाटी, यज्ञवीर चौहान, गायत्री मीना, ए.सी. धीर, सुशील आर्य,नरेन्द्र नारंग, ओमप्रकाश छाबड़ा, धर्मवीर पंवार, स्वदेश शर्मा, हरीश धवन, महेन्द्र जेटली, डालेश त्यागी, वरुणेन्द्र कथूरिया, सी.ए. हंसराज चुघ, विकास गोगिया, डॉ. गजराजसिंह आर्य, प्रो. करुणा चांदना, डॉ. विपिन खेड़ा, डॉ. सुनील रहेजा, नवीन रहेजा, नरेंद्र गांधी, नरेन्द्र आर्य सुमन, भोपाल सिंह आर्य, सूर्य पाल आर्य, शोभा सेतिया।

### विशेष आमंत्रित :-

सर्वश्री अजय चौहान, के.एल. पुरी, रविदेव गुप्त,अनिल शर्मा (पूर्व विधायक), राजेश मेंहदीरत्ता, ओम सपरा, पं. मेघश्याम वेदालंकार, प्रि. अंजू मेहरोत्रा, अंजू बजाज, अर्चना पुष्करणा, पूजा सलूजा, जितेन्द्र डावर, रमेश गाडी, राजेन्द्र वर्मा, सहदेव नागिया, राकेश चोपड़ा, एच.आर. साहनी, शान्ता तनेजा, चतर सिंह नागर, देवेन्द्र नागर, सुरेन्द्र गुप्ता, रविन्द्र आर्य, वेदप्रकाश विद्यार्थी, विजय मलिक, गजेन्द्र चौहान, देवदत्त आर्य, वेद खट्टर, बी एम बख्शी, मनमोहन सपरा, कृष्ण बवेजा, के.एल. राणा, अरुण अग्रवाल,आरती खुराना, रेणू त्यागी, अनीता कुमार,ओमप्रकाश यजुर्वेदी, विजय कपूर, रजनी-संजय गर्ग, मधुबाला सिंह, पुनीता अग्निहोत्री, कौशल्या सिंघल, विद्योतमा झा, ऋचा गुप्ता, ज्योति ओबराय, अमरनाथ बत्रा, सुरेन्द्र शास्त्री, विद्या भूषण गुप्ता, हर्षदेव शर्मा, वीरेन्द्र ग्रोवर, वीरेन्द्र आहुजा, सुशील बाली।

ऋषिलंगर : दोपहर 2 बजे: सौजन्य- श्री बन्टी गोगिया (रामश्याम टेन्ट हाउस) आर्य समाज मालवीय नगर

## देश भर से चुने हुए आर्य युवा प्रतिनिधियों का भव्य समागम

## आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

निवेदक:

| अनिल आर्य | महेन्द्र भाई | मदन वर्मा | एच.एन. मिथरानी | प्रमोद पाठक | राजेन्द्र आर्य |
|---|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामंत्री | संरक्षक | प्रधान | मंत्री | कोषाध्यक्ष |
| 9810117464 | 9013137070 | | | | |

— आर्य समाज मालवीय नगर नई दिल्ली —

| दुर्गेश आर्य, प्रवीण आर्य | धर्मपाल आर्य | सौरभ गुप्ता | देवेन्द्र भगत, सुरेश आर्य | वेदप्रकाश आर्य |
|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | संगठन मंत्री | राष्ट्रीय मंत्री | राष्ट्रीय मंत्री |


स्वागत समिति :- सर्व श्री अरूण आर्य, प्रकाशवीर शास्त्री, रामफल खर्ब, सोनिया संजू, राधा भारद्वाज, अमर सिंह सहरावत, पिंकी आर्या, आदर्श आहुजा, संतोष शास्त्री, वीरेश आर्य, योगेन्द्र शास्त्री, रोहित कुमार सिंह, गौरव झा

केन्द्रीय कार्यालय: आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, Email: aryayouthn@gmail.com, सम्पर्क:9958889970

# सोनीपत में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न

**युवा ही राष्ट्र की रक्षा करेंगे– अनिल आर्य**

**स्वस्थ शरीर सुखों का आधार है– महेन्द्र भाई**




सोनीपत, मंगलवार 13 अगस्त 2024,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् सोनीपत के तत्वावधान में शिक्षाविद मनोहर लाल चावला की पुण्य स्मृति में 'स्वतंत्रता दिवस व युवा संस्कार समारोह' का आयोजन विजय हाई स्कूल सिक्का कालोनी सोनीपत में किया गया।यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया एवं 200 से अधिक बच्चों को यज्ञोपवीत धारण करवाये।उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर सभी सुखों का आधार है इसलिए स्वस्थ रहने का संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में युवा ही राष्ट्र की रक्षा करेंगे,उनके लिए अग्निवीर सुन्दर योजना है उसमे भर्ती होना चाहिए।साथ ही बच्चों को देश के महापुरुषों व क्रान्तिकरियो का जीवन चरित्र पढ़ना चाहिए उससे प्रेरणा मिलेगी।साथ राष्ट्र रक्षा की शपथ दिलाई।जीवन में सत्य–समय का सम्मान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य नेता जितेन्द्र चावला ने की व कुशल संचालन हरिचंद स्नेही ने किया' बच्चों के सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी चावला ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आर्य नेता हरबस लाल अरोड़ा, संदीप बत्रा, वीर सैन श्रीधर,सीमा रावत, सीमा शर्मा, राम कुमार आर्य (दिल्ली) आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। सभी ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार रोकने की अपील की।

# टाटा पावर में युवा संस्कार सम्पन्न

**महापुरुषों का जीवन चरित्र पढ़े– अनिल आर्य**



सोमवार 12 अगस्त 2024, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'युवा संस्कार समारोह' का आयोजन टाटा पावर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर ग्राम जोनति दिल्ली देहात में किया गया।यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया एवं यज्ञोपवित धारण करवायें। मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि बच्चों को देश के महापुरुषों व क्रान्तिकरियों का जीवन चरित्र पढ़ना चाहिए उससे उन्हें प्रेरणा मिलेगी।साथ ही उन्हें राष्ट्र रक्षा की शपथ दिलाई , अध्यक्षता दशरथ भारद्वाज ने की व कुशल संचालन राधा भारद्वाज ने किया।बच्चों के सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।आर्य नेता रामकुमार आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# मदनगीर में युवा संस्कार सम्पन्न

**युवाओं में राष्ट्र भक्ति की अलख जगाएं– राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**



शुक्रवार 9 अगस्त 2024, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'युवा संस्कार समारोह' का आयोजन स्वामी विवेकानंद बाल पब्लिक स्कूल मदनगीर दक्षिणी दिल्ली में किया गया।यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया एवं यज्ञोपवीत संस्कार भी करवाया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज युवाओ में राष्ट्र भक्ति की अलख जागृत करने की आवश्यकता है।राष्ट्र गंभीर परिस्थितियों से निकल रहा है युवा ही राष्ट्र की सुरक्षा कर सकते हैं अधिक से अधिक युवकों को अग्निवीर बनना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य नेता मास्टर हरिचंद आर्य ने की उन्होंने कहा कि आर्य समाज समाज जागरूक संगठन है उसे हिंदू समाज को एकजुट करने का काम करना है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋचा गुप्ता ने कुशल संचालन किया उन्होंने कहा कि हम बच्चों को संस्कारित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुनीता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।विद्यालय के बच्चों के सुन्दर सॉंस्कृतिक कार्यक्रम हुए। प्रमुख रूप से अनन्त राम आर्य, सरला गम्भीर, सात्विक नागपाल, सुरम्य आदि उपस्थित थे।

# फरीदाबाद में 250 बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया

**सत्य, समय पालन सफ़लता का आधार –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**
**दुर्गुण त्यागें सद्गुण धारें –आचार्य महेन्द्र भाई**





फरीदाबाद, वीरवार 8 अगस्त 2024,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में श्रद्धा मन्दिर स्कूल,सेक्टर 87, फरीदाबाद में युवा संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया और दुर्गुण त्यागने व सद्गुण धारण करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि जीवन में उन्नति के लिए सत्यता और समय का पालन आवश्यक है जो समय का सम्मान करता है वह निरन्तर प्रगति करता है।देश की वर्तमान परिस्थितियों में युवाओं का दायित्व और बढ़ जाता है सभी को राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेना है यदि राष्ट्र सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित हैं। शिक्षाविद डॉ.गजराज सिंह आर्य ने कुशल संचालन करते हुए कहा कि हम युवा पीढ़ी को सुसंस्कार देने का अभियान जारी रखेंगे। गायक सज्जन कुमार के मधुर भजन हुए। प्रमुख रूप से आर्य नेत्री विमला ग्रोवर, जीत राम, सुधीर बंसल आदि उपस्थित थे।

# जहांगीर पुरी से युवा संस्कार अभियान का शुभारंभ

**संस्कारित युवा ही राष्ट्र का भविष्य– राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**
**यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है –महेन्द्र भाई**





दिल्ली, शनिवार 3 अगस्त 2024, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय युवा संस्कार अभियान का शुभारंभ मूर्ति देवी आर्य स्कूल के ब्लॉक जहांगीर पुरी दिल्ली से आज किया गया।कार्यक्रम में यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया और यज्ञोपवित संस्कार करवाया,उन्होंने कहा कि यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है हमें परोपकार की भावना से यज्ञ करना चाहिए साथ ही मातृऋण,पितृऋण, गुरुऋण का महत्व बताया। मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि युवा पीढ़ी को संस्कारित करने के लिए 18 अगस्त तक 50 स्थानों पर युवा संस्कार कार्यक्रम किए जाएंगे।जिसमें यज्ञ के साथ यज्ञोपवीत दिए जायेगा।उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को संस्कार वान बनाना हमारा लक्ष्य है जिससे राष्ट्र की नीव मजबूत हो। दिल्ली प्रदेश के महामंत्री अरुण आर्य ने अपनी शुभकामनायें दी और विद्यालय के प्रबंधक गजेंद्र आर्य ने कुशल संचालन किया। प्रमुख रूप से पिंकी आर्य, मंजू आर्य, बबीता आर्य, राम भरोसे आर्य उपस्थिति थे।

# पानीपत में व गुड़ मंडी में युवा संस्कार सम्पन्न






केन्द्रीय आर्य युवक परिषद हरियाणा के तत्वावधान में डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल पानीपत में युवा संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। चित्र मे प्रधानाचार्य सुमित्रा अरोड़ा को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र कुकरेजा, आनंद सिंह आर्य, अजय आर्य, शशि आर्य आदि। द्वितीय चित्र मे आर्य समाज गुड़ मंडी दिल्ली के कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य को सम्मानित करते प्रधान वीरेंद्र आहूजा, ओम सपरा, प्रतिभा सपरा, संतोष डावर, उर्मिला आर्य व विमला आहूजा।

# गाजियाबाद में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न

## बांग्लादेश में हिन्दुओं की रक्षा के लिए भारत सरकार कदम उठाए –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य





रविवार,11 अगस्त 2024,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद एवं शंभू दयाल दयानन्द वैदिक सन्यास आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में सन्यास आश्रम दयानन्द नगर गाजियाबाद में 'युवा संस्कार समारोह' आयोजित किया गया।आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवा कर 150 युवकों को यज्ञोपवीत धारण करवाया।मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार बन्द होने चाहिए,उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को हस्तक्षेप करके हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।बांग्लादेश के हिन्दू बहुल क्षेत्र को षहिंदू राष्ट्र षोषित किया जाना चाहिए जिस प्रकार 1947 में आबादी के आधार पर देश का बंटवारा हुआ था उसी प्रकार से हिन्दुओं को हिंदू राष्ट्र दिया जाए।साथ ही उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी सुसंस्कार वान बने इसके लिए परिषद कटिबद्ध है।परिषद युवाओं को देश भक्त बनाने का अभियान तीव्र गति से चलाएगी। स्वदेशी आयुर्वेद के निदेशक डा.आरके आर्य ने राष्ट्रीय ध्वज रोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,उन्होंने कहा कि व्यक्ति का निज जीवन समाज के लिये आदर्श होना चाहिये,आपके जीवन को देखकर ही व्यक्ति आपके अनुगामी बनेंगे। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुये कहा कि यज्ञ से त्याग व उपकार की भावना जागृत होती है यज्ञोपवीत हमारी पुरातन गौरवशाली संस्कृति का आधार है।

परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने कहा कि धर्म समाज को जोड़ता है,तोड़ता नही,वैदिक धर्म सर्वे भवन्तु सुखिनः की बात करता है। समारोह अध्यक्ष देवेन्द्र आर्य आर्य बधू ने कहा कि संस्कारों से ही व्यक्ति महान बनता है। स्वागताध्यक्ष योगी राम प्रकाश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि चरित्रवान युवक ही राष्ट्र विरोधी ताकतों का मुकाबला कर सकते हैं क्योंकि चारित्रिक बल सबसे बड़ा बल होता है।डा प्रमोद सक्सैना ने कहा कि युवकों को जीवन मे समयबद्धता,अनुशासन, माता पिता के आज्ञाकारी, आत्मविश्वासी,संकल्पवान ओर देशभक्त होना चाहिये। आश्रम के उपाध्यक्ष स्वामी सूर्यवेश ने अपने उद्बोधन में कहा की आज फिर समाज में पाखंड और अन्ध विश्वास बढ़ रहे है जिसका भोले भाले लोग शिकार हो जाते है आर्य जनो को चाहिए की वो समाज में इन बुराइयों को दूर करने के लिए मैदान में आगे आएं। सुप्रसिद्ध गायक मास्टर विजयेंद्र एवं यज्ञवीर चौहान द्वारा गाये गए अद्भुत भजनों ने लोगों को झूमा दिया। राष्ट्रीय संग़ठन मंत्री सौरभ गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।समारोह में युवाओं एवं युवतियों द्वारा सुन्दर व्यायाम प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहे।

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा कोरोना काल से 666वां वेबिनार सम्पन्न

# 'श्रावणी पर्व का सन्देश' विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

### वेदों का अध्ययन करने का संकल्प ले –आचार्य श्रुति सेतिया



सोमवार 5 अगस्त 2024, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'श्रावणी पर्व' का संदेश विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 665 वां वेबिनार था। वैदिक विदुषी आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा कि श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन सभी आर्य व हिंदू बंधु श्रावणी पर्व को मनाते हैं।हमारा धर्म और हमारी संस्कृति 1.96 अरब वर्ष पुरानी होने से विगत दो ढाई हजार वर्ष पूर्व उत्पन्न अन्य सब मत मतांतरो से प्राचीन है।उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरकाल में देश में ऋषि दयानंद जी का आगमन हुआ था,जिन्होंने प्राचीन वैदिक धर्म एवम संस्कृति का वैदिक काल के अनुरूप पुनरुद्धार किया।अविद्यायुक्त मत मतांतरों के कारण देश वा समाज से अविद्या दूर ना हो सकी।इन कारणों से प्राचीन काल में प्रचलित वेद सम्मत श्रावणी पर्व का वास्तविक रूप अब भी प्रायः आंखो से ओझल है।वर्तमान काल में श्रावणी पर्व मनाया तो जाता रहा है परंतु इसका वैदिक स्वरूप नही रहा।ऋषि तर्पण के रूप में मनाये जाने वाले पर्व का उद्देश्य श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन वेदों का स्वाध्याय व पारायण आरंभ किया जाता था,जिसे उपाकर्म कहते हैं।पौष मास की पूर्णिमा जो चतुर्मास पूरा होने पर आती है इस उपाकर्म का उत्सर्जन व समापन किया जाता था।अतः श्रावणी पर्व सृष्टि के आरंभ में वेदों के स्वाध्याय का व्रत लेने,उस पर आचरण करने व ऋषि तर्पण के रूप में मनाया जाता रहा है।पर्व का उद्देश्य पितृ यज्ञ एवम् अतिथि यज्ञ के समान वेद के मर्मज्ञ ऋषियों को संतुष्ट करना होता था।जिससे मनुष्य का अपना कल्याण होता है।वर्तमान में वैदिक धर्मी आर्यसमाजी लोग रक्षाबंधन पर्व को श्रावणी पर्व के रूप में मनाते हैं।सामान्य जनों को श्रावणी पर्व पर वेद अध्ययन व वेद पारायण का वैदिक पद्धति के अनुरूप उपाकर्म करना चाहिए। इसी में इस पर्व की सार्थकता है।इस अवसर पर वेद अध्ययन का संकल्प लेने का निश्चय करना चाहिए।इससे वैदिक धर्म वा संस्कृति का संरक्षण होगा और समाज से अविद्या दूर की जा सकती है।इस अवसर पर संपूर्ण वैदिक साहित्य के संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए जिससे हमारी भावी पीढ़ियां हमारे वर्तमान एवम् पूर्व विद्वानों के उपयोगी वेद विषयक वैदिक साहित्य से वंचित ना हों।वैदिक धर्म की रक्षा के लिए दान देने सहित संकल्प लेने चाहिए।आर्य समाज तथा गुरुकुलों के आचार्य को वेद प्रचार की ठोस योजना भी बनानी चाहिए।ऐसा करने से ही इस पर्व को मनाने और हमारे जीवन की सार्थकता है। मुख्य अतिथि प्रो. करुणा चांदना व अध्यक्ष चन्द्र कांता गेरा ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने किया व राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा, संतोष धर, सुनीता अरोड़ा, जनक अरोड़ा, सुधीर बंसल, राजकुमार भंडारी, ललिता धवन आदि के भजन हुए।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिंटर्स**, 2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 **मो.:** 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970